सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 355

09/04/2026

राज्यपाल ने पटना विश्वविद्यालय की गतिविधियों की समीक्षा की

पटना, 09 अप्रैल, 2026ः– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन ने बिहार लोक भवन, पटना में पटना विश्वविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की तथा महत्वपूर्ण निदेश दिए। उन्होंने विश्वविद्यालय के समक्ष विद्यमान चुनौतियों के समाधान हेतु ठोस एवं व्यावहारिक उपाय अपनाने पर बल देते हुए कहा कि संस्थान में एक सुदृढ़ एवं सक्षम सूचना प्रौद्योगिकी (आई०टी०) टीम का होना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय का कुलपति केवल प्रशासक ही नहीं, अपितु एक दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता होता है, जिसका दायित्व संस्थान में सकारात्मक, प्रेरणादायी एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करना है।

बैठक में कुलपति प्रो० अजय कुमार सिंह ने पटना विश्वविद्यालय की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत तथा इसके विख्यात पूर्ववर्ती विद्यार्थियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह देश के सबसे पुराने विश्वविद्यालयों में से एक है। पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया में किए गए सुधार, परीक्षा संचालन, राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी, शैक्षणिक क्रेडिट बैंक, अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण, अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र, बाह्य एवं आंतरिक रूप से वित्तपोषित शोध परियोजनाएँ, प्रकाशन एवं पेटेंट, विद्यार्थियों के प्लेसमेंट, पुस्तकालय संसाधन, प्रस्तावित अवसंरचनात्मक विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ पोर्टल तथा प्रशासनिक एवं वित्तीय चुनौतियों आदि के बारे में विस्तार से बताया।

राज्यपाल ने पटना विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु हरसंभव सहयोग एवं प्रयास करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर पटना विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अन्य पदाधिकारीगण, बी०एन० कॉलेज एवं मगध महिला कॉलेज के प्राचार्य, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व अन्य लोग उपस्थित थे।

....